# प्रलिम्सि फैक्ट: 10 सतिंबर, 2021

- भारतीय दूतावासों/मशिनों में आत्मनरि्भर कॉर्नर
- वशि्व का सबसे उत्तरी द्वीप

## भारतीय दूतावासों/मशिनों में आत्मनरि्भर कॉर्नर

## Atmanirbhar Corner in Indian Missions

भारतीय जनजातीय सहकारी वपिणन वकिास परसिंघ (Tribal Cooperative Marketing Development Federation of India-TRIFED) वदिश मंत्रालय के सहयोग से वशि्व भर में स्थति 100 भारतीय मशिनों/दूतावासों में आत्मनरि्भर भारत कॉर्नर स्थापति करने की योजना बना रहा है।

- स्वतंत्रता दविस पर थाईलैंड के बैंकॉक में भारतीय दूतावास में पहले आत्मनरि्भर भारत कॉर्नर का उद्घाटन कयिा गया।
- ट्राइफेड एक राष्ट्रीय स्तर का शीर्ष संगठन है जो जनजातीय मामलों के मंत्रालय के प्रशासनकि नयिंत्रण में कार्य करता है। यहवन धन कार्यक्रम, एमएफपी **के लयि एमएसपी और** ट्राइफूड जैसी योजनाओं में शामलि है।

## प्रमुख बदिु


- **आत्मनरि्भर भारत कॉर्नर:**
  - प्राकृतकि और जैवकि उत्पादों के अलावा GI टैग (भौगोलकि संकेत) प्राप्त करने वाले आदवािसी कला और शल्पि उत्पादों को बढ़ावा देने के लयि **आत्मनरि्भर कॉर्नर** का एक वशिेष स्थान होगा।
- **भौगोलकि संकेत:**
  - भौगोलकि संकेतक (Geographical Indication) का इस्तेमाल ऐसे उत्पादों के लयि कयिा जाता है, जनिका एक वशिष्टि भौगोलकि मूल क्षेत्र होता है। इन उत्पादों की वशिष्टि वशिेषता एवं प्रतष्ठिा भी इसी मूल क्षेत्र के कारण होती है। इस तरह का संबोधन उत्पाद की गुणवत्ता और वशिष्टिता का आश्वासन देता है।
  - जीआई टैग को औद्योगकि संपत्ति के संरक्षण के लयि पेरसि कन्वेंशन (Paris Convention for the Protection of Industrial Property) के तहत बौद्धकि संपदा अधकिारों (आईपीआर) के एक घटक के रूप में शामलि कयिा गया है।
  - अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर GI का वनियिमन वशि्व व्यापार संगठन (WTO) के बौद्धकि संपदा अधकिारों के व्यापार संबंधी पहलुओं (Trade-Related Aspects of Intellectual Property Rights-TRIPS) पर समझौते के तहत कयिा जाता है।
  - वहीं राष्ट्रीय स्तर पर यह कार्य 'वस्तुओं का भौगोलकि सूचक' (पंजीकरण और संरक्षण) अधनियिम, 1999 (Geographical Indications of goods 'Registration and Protection' act, 1999) के तहत कयिा जाता है, जो सतिंबर 2003 से लागू हुआ।
  - वर्ष 2004 में 'दार्जलिगि टी' जीआई टैग प्राप्त करने वाला पहला भारतीय उत्पाद है।
    - भारत के लयि भौगोलकि संकेत रजस्ट्रिी चेन्नई में स्थति है।
    - भौगोलकि संकेत का पंजीकरण 10 वर्षों की अवधकि के लयि वैध होता है। इसे समय-समय पर 10-10 वर्षों की अतरिक्ति अवधकि के लयि नवीनीकृत कयिा जा सकता है।
- **अन्य संबंधति पहलें:** आदमिहोत्सव, गो ट्राइबल अभयिान, ट्राइब्स इंडयिा आदि

---

## वशि्व का सबसे उत्तरी द्वीप

## World's Northernmost Island

हाल ही में एक नए द्वीप की खोज की गई है जो ग्रीनलैंड के तट पर स्थति है।




//

## प्रमुख बदिु:

- 60×30 मीटर वाला और समुद्र तल से तीन मीटर की चोटी के साथ यह अब पृथ्वी पर भूमिका नया सबसे उत्तरी टुकड़ा बन गया है।
- इससे पहले **उडाक आईलैंड (Oodaaq)** को पृथ्वी के सबसे उत्तरी क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया था।
- इसका निर्माण समुद्र तल की मृदा और मलबे (**Moraine**) से हुआ है तथा इसमें कोई वनस्पति नहीं पाई जाती है।
- शोधकर्त्ताओं ने सुझाव दिया है कि इस खोज का नाम **'क्यूकर्टाक अवन्नारलेक' (Qeqertaq Avannarleq)** रखा जाए, **जिसका अर्थ ग्रीनलैंडिक में "सबसे उत्तरी द्वीप"** है।
- यह खोज **आर्कटिक देशों**- संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, कनाडा, डेनमार्क और नॉर्वे के बीच उत्तरी ध्रुव के उत्तर में लगभग 700 किमी. तथा आसपास के समुद्र तल, मछली पकड़ने के अधिकार और जलवायु परिवर्तन के कारण बर्फ के पिघलने से उजागर मार्गों के नियंत्रण के लिये एक चुनौती के रूप में सामने आई है।
- **ग्लोबल वार्मिंग** का ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पर गंभीर प्रभाव हो सकता है, हालाँकि नया द्वीप जलवायु परिवर्तन का प्रत्यक्ष परिणाम नहीं है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-10-september-2021